**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**02.10.2025/प्रादेशिक समाचार/19.45बजे**

**मुख्य समाचार**

- अंतर्राष्ट्रीय कुल्लू दशहरा उत्सव भगवान श्री रघुनाथ जी की रथ यात्रा के साथ शुरू।
- राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कहा– कुल्लू दशहरा उत्सव आस्था, एकता और सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक।
- प्रदेशभर में धूमधाम से मनाया गया विजय दशमी का पर्व– रावण, मेघनाद और कुंभकरण के पुतले जलाए गए।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा– प्रदेश में कानून व्यवस्था ध्वस्त– धूमिल हो रही है राज्य की छवि।
- आर.एस.एस. ने नगर एकत्रीकरण और पथ संचलन के साथ प्रदेशभर में मनाया अपना सौंवां स्थापना दिवस।

**दशहरा**

विश्व प्रसिद्ध अंतर्राष्ट्रीय कुल्लू दशहरा उत्सव आज भगवान श्री रघुनाथजी की रथ यात्रा के साथ शुरू हो गया। इस मौके पर राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कुल्लू के रथ मैदान में भगवान रघुनाथ जी की पारंपरिक रथ यात्रा में हिस्सा लिया। राज्यपाल ने इस मौके पर पत्रकारों से बातचीत में कहा कि अंतर्राष्ट्रीय कुल्लू दशहरा न केवल एक उत्सव है बल्कि आस्था, एकता और हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण का प्रतीक भी है। राज्यपाल ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय कुल्लू दशहरा उत्सव हमारे एकता के बंधन को मज़बूत करता है। राज्यपाल आज दशहरा उत्सव की सांस्कृतिक संध्या में दशहरा उत्सव का विधिसत शुभारंभ करेंगे। अंतर्राष्ट्रीय कुल्लू दशहरा उत्सव 8 अक्तूबर तक चलेगा। इस बार दशहरा उत्सव प्रदेश के आपदा पीड़ितों के लिए समर्पित है। दशहरा उत्सव में कुल्लू घाटी के 3 सौ से अधिक देवी–देवता हिस्सा ले रहे हैं।

**विजय दशमी**

विजय दशमी यानि दशहरा पर्व आज प्रदेशभर में आस्था और उल्लास से मनाया गया। यह दिन नवरात्रि अनुष्ठान और दुर्गा पूजा के समापन और बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। इस अवसर पर बुराई के प्रतीक रावण, मेघनाद और कुंभकरण के पुतले जलाए गए। मुख्य समारोह शिमला के जाखू स्थित हनुमान मंदिर में आयोजित हुआ, जहां मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू पुतला दहन

किया। प्रदेश के अन्य भागों में भी इस मौके पर रावण, मेघनाद और कुंभकरण के पुतले जलाए गए और लोगों ने एक–दूसरे को विजय दशमी की बधाई दी।

## गांधी–शास्त्री श्रद्धाजंलि

प्रदेशवासियों ने आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर उन्हें श्रद्धा–सुमन अर्पित किए। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल, मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू व नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने शिमला के रिज मैदान पर स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने लालबहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर भी माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने इस मौके पर पत्रकारों से बातचीत में कहा कि महात्मा गांधी ने अपना पूरा जीवन समाज और राष्ट्र को समर्पित किया और उनके इस योगदान को हमेशा याद किया जाएगा। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि महात्मा गांधी ने पूरी दुनिया को सत्य और अहिंसा का मार्ग दिखाया। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी के आदर्शों व सिद्धांतों पर चलना ही उनके प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि है।

## सेवा पर्व–नक्सल

सेवा और सुशासन के मंत्र से प्रेरित सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में परिवर्तन और प्रगति लाने के अथक प्रयास कर रही है। आज इस विशेष श्रृंखला सेवा पर्व में हम आपको बताएगें कि कैसे मोदी सरकार ने नक्सल मुक्त भारत का मार्ग प्रशस्त किया है।

*डिस्पैच– पिछले 11 वर्षों में नरेंद्र मोदी सरकार ने वामपंथी उग्रवाद को कतई बर्दाशत न करने की नीति अपनाई है। सरकारी योजनाओं के शत–प्रतिशत क्रियान्वयन के साथ सरकार वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों का पूर्ण विकास करना चाहती है। इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस पर अपने सम्बोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि नक्सलवाद और माओवाद के कारण कभी लाल गलियारे के रूप में जाने–जाने वाले क्षेत्र अब हरित विकास के गलियारे बन रहे हैं।*

*एक समय था कभी सवा सौ से ज्यादा जिलों में नक्सलवाद अपनी जडें जमा चुका था। माओवाद की चंगुल में हमारे जनजातिय क्षेत्रए हमारे जनजातिय नौवजवान फंसे हुए थे और आज सवा सौ जिलों से कम होते.होते हम बीस पर ले आये। उन जनजाति समाज की सबसे बडी हमने सेवा की।*

*मोदी सरकार ने वामपंथी उग्रवाद से निपटने के लिए दो प्रमुख नियम बनाए हैं। पहला नक्सल प्रभावित इलाकों में हिंसा को समाप्त करने के लिए कानून व्यवस्था लागू करना। और दूसरा वर्षों से जारी नक्सलवादी गतिविधियों के कारण विकास की दौड़ में पिछड गये क्षेत्रों में तेजी से विकास करना। नक्सल प्रभावित इलाकों में विकास के लिएए बजट आवंटन में 3 सौ प्रतिशत की वृद्धि की गई है। मोदी सरकार के प्रयासों से 2004 से 2014 की अवधि की तुलना में नक्सली हिंसा की घटनाओं में 53 प्रतिशत की कमी आई है।*

## जयराम ठाकुर

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने आरोप लगाया है कि प्रदेश में कानून व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है और अपराधी बेलगाम है जिस कारण प्रदेश की छवि धूमिल हो रही है। जयराम ठाकुर ने आज शिमला में एक बयान में कहा कि प्रदेश की राजधानी से लेकर राज्य के हर कोने में आपराधिक घटनाएं घट रही हैं और कोई भी सुरक्षित नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार भाजपा नेताओं और पदाधिकारियों की जासूसी करने में व्यस्त है, जबकि दूसरी ओर प्रशासनिक अधिकारी महिलाओं से दुष्कर्म कर फरार हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की लापरवाही की कीमत प्रदेशवासियों को चुकानी पड़ रही है। उन्होंने राज्य में घट रही आपराधिक घटनाओं पर सरकार के मौन को दुखद करार दिया और आरोप लगाया कि सरकार अपराधियों को संरक्षण दे रही है।

## आरएसएस

विजयदशमी के पावन अवसर पर आज राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने अपना सौंवां स्थापना दिवस मनाया। इस मौके पर प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। शिमला में इस मौके पर नगर एकत्रीकरण और पथ संचलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय प्रशासनिक सेवा के पूर्व अधिकारी श्रीनिवास जोशी ने की। संघ के शताब्दी वर्ष के मौके पर हमीरपुर में भी भव्य पथ संचलन का आयोजन किया गया। इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता हमीरपुर के वरिष्ठ नागरिक परिषद के अध्यक्ष विजय पुरी ने की। उन्होंने संघ के अनुशासन और संगठन क्षमता की सराहना की और इसे समाज व राष्ट्र निर्माण का महत्वपूर्ण आधार बताया।

## नड्डा

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा के विजय दशमी के मौके पर आज बिलासपुर के प्रसिद्ध धोलरा मंदिर में परिवार सहित पूजा–अर्चना की। इस मौके पर उनकी धर्मपत्नी डॉक्टर मल्लिका नड्डा और बेटे भी मौजूद रहे। बिलासपुर में जे.पी.नड्डा का परिवार हर वर्ष बंगाल की तर्ज पर दुर्गा पूजा का आयोजन करता है। इस दौरान 10 दिनों तक विधिवत पूजा–अर्चना की जाती है। दशहरे के मौके पर आज मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन भी किया गया।

## रोहित ठाकुर

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा है कि प्रदेश में पिछले 2 सालों के दौरान आई प्राकृतिक आपदाओं को देखते हुए सरकार भविष्य में विकास और पर्यावरण के बीच संतुलन कायम करेगी। आज नई दिल्ली में हिमाचल मंडी जनकल्याण सभा के वार्षिक समारोह को संबोधित करते हुए रोहित ठाकुर ने कहा कि पिछले 2 सालों में प्रदेश में प्राकृतिक आपदाओं से भारी तबाही हुई है जिसकी भरपाई करना मुश्किल है। उन्होंने इस मौके पर दिल्ली में हिमाचलियों के मार्गदर्शन और उत्थान के लिए

भारत–तिब्बत सीमा पुलिस के डी.आई.जी. ऋषिराज सिंह को हिमाचल रत्न पुरस्कार से भी सम्मानित किया।

## अनुराग ठाकुर

पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर ने आज हमीरपुर के अवाहदेवी में भाजपा द्वारा आयोजित सेवा पखवाड़े के समापन समारोह की अध्यक्षता की। इस मौके पर अनुराग ठाकुर ने नए जी.एस.टी. सुधारों के बारे में अवाहदेवी बाज़ार में एक रैली का नेतृत्व किया और दुकानदारों को इन सुधारों के बारे में जागरूक किया। उन्होंने इस दौरान पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं के साथ स्वच्छता अभियान भी चलाया और स्थानीय लोगों को स्वच्छ व आत्मनिर्भर भारत में योगदान के लिए प्रोत्साहित किया।

## दुर्घटना

सिरमौर ज़िला के पच्छाद विधानसभा क्षेत्र में नैनाटिक्कर–ढंगयार सड़क पर किला कलांच के समीप आज बारातियों को लेकर जा रही एक कार के गहरी खाई में गिरकर दुर्घटनाग्रस्त होने से 2 लोगों की मौत हो गई और 3 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को सोलन के एम.एम.यू. मैडिकल कॉलेज व अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती करवाया गया है। ये कार अर्की उपमंडल के घेणा–भूमति गांव से पच्छाद के ढंगयार जा रही थी। दुर्घटना के कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच आरंभ कर दी है।

## वन्य प्राणी सप्ताह

प्रदेश में आज से 74वें वन्य प्राणी सप्ताह का आगाज़ हुआ। पी.सी.सी.एफ. वाइल्ड लाईफ अमिताभ गौतम ने शिमला में एक कार्यक्रम में इस सप्ताह का विधिवत शुभारंभ किया। इस बार वन्य प्राणी सप्ताह का विषय है– मानव–जंतु सह अस्तित्व'। अमिताभ गौतम ने इस मौके पर वन्य प्राणियों के संरक्षण के लिए विभाग के साथ–साथ आम जनमानस से भी आगे आने का आह्वान किया। उन्होंने इस मौके पर विभाग के अधिकारियों व प्रदेशवासियों को वन्य जीवों के संरक्षण का संकल्प दिलाया। अमिताभ गौतम ने इस मौके पर स्टेटस ऑफ स्नो लेपर्ड का विमोचन किया और कहा कि प्रदेश में इस समय बर्फानी तेंदुओं की संख्या 83 तक पहुंच गई है।

## ''अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर''

- अंतर्राष्ट्रीय कुल्लू दशहरा उत्सव भगवान श्री रघुनाथ जी की रथ यात्रा के साथ शुरू।
- राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कहा– कुल्लू दशहरा उत्सव आस्था, एकता और सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक।
- प्रदेशभर में धूमधाम से मनाया गया विजय दशमी का पर्व– रावण, मेघनाद और कुंभकरण के पुतले जलाए गए।

- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा– प्रदेश में कानून व्यवस्था ध्वस्त– धूमिल हो रही है राज्य की छवि।

**और**

- आर.एस.एस. ने नगर एकत्रीकरण और पथ संचलन के साथ प्रदेशभर में मनाया अपना सौंवां स्थापना दिवस।

---------------------------------------------------------------------------------------------------